हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 24 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 नवागढ़ में भीषण गर्मी का असर, दोपहर में सूनी पड़...





13 खारुन नदी पर मंडराया प्रदूषण का संकट काला...




## बेमेतरा पुलिस के बेड़े में हाईटेक फॉरेंसिक मोबाइल वैन शामिल, घटनास्थल पर होगी वैज्ञानिक जांच

### डीआईजी रामकृष्ण साहू ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अपराध अनुसंधान को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बेमेतरा पुलिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाईटेक फॉरेंसिक मोबाइल वैन मिली है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी रामकृष्ण साहू (आईपीएस) ने पूजा-अर्चना के बाद वैन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

करीब 65 लाख रुपये की लागत से तैयार यह मोबाइल फॉरेंसिक वैन अपराध स्थल पर पहुंचकर तत्काल वैज्ञानिक साक्ष्य संग्रहण और प्रारंभिक जांच करने में सक्षम होगी। इससे जांच प्रक्रिया तेज, सटीक और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है।




#### क्राइम यूनिट उपलब्ध होने से जांच में आएगी तेजी

जिससे रिपोर्ट आने में समय लगता था। अब जिले में ही हाईटेक मोबाइल वैन और सीन ऑफ क्राइम यूनिट उपलब्ध होने से जांच में तेजी आएगी और दोषसिद्धि दर बढ़ाने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिक अधिकारी आकांक्षा सिंह ने बताया कि वैन में उपलब्ध आधुनिक उपकरण घटनास्थल पर ही प्रारंभिक फॉरेंसिक परीक्षण, साक्ष्य संरक्षण और विश्लेषण करने में सक्षम हैं। वैन में जीपीएस सिस्टम, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन किट, नार्कोटिक्स परीक्षण उपकरण, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, फोटोग्राफी एवं डॉक्यूमेंटेशन सुविधा, बुलेट होल स्क्रीनिंग, बैलिस्टिक जांच, जीएसआर परीक्षण किट तथा लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

डीआईजी रामकृष्ण साहू ने कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस यह सुविधा जिले में अपराध विवेचना को नई मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले गंभीर अपराधों में घटनास्थल पर फॉरेंसिक विशेषज्ञ की मौजूदगी और वैज्ञानिक साक्ष्य संग्रहण को अनिवार्य किया गया है। इससे जांच पारदर्शी होगी और न्यायालय में मामलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब साक्ष्य संग्रहण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी, जिससे जांच की विश्वसनीयता और मजबूत होगी तथा अपराधियों तक पहुंचने में तेजी आएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव ने कहा कि पहले फॉरेंसिक जांच के लिए साक्ष्य अन्य जिलों में भेजने पड़ते थे।

### खबर संक्षेप

#### जेवरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के बेमेतरा जिला प्रवास के दौरान ग्रामीण मंडल के नेतृत्व में ग्राम जेवरा में उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और स्वागत की तैयारियों ने संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री दयाल दास बघेल, प्रदेश भाजपा मोर्चा-प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश सिंह चंदेल, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा तथा जिला अध्यक्ष अजय साहु का भी स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजानंद साहु, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रबल सिंह, मंडल महामंत्री डेरहाराम देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक स्वागत के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के जिले में आगमन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संदेश मिला है।

### अव्यवस्था : शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण, नहीं मिला सुनने वाला

## किराए के दफ्तर में आबकारी व्यवस्था बेपटरी, निरीक्षक नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में किराए के भवन में संचालित आबकारी वृत्त कार्यालय की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। कार्यालय में अधिकारियों की अनुपस्थिति, अव्यवस्थित संचालन और गोपनीय दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि दोपहर के समय कार्यालय अक्सर सूना दिखाई देता है, जबकि महत्वपूर्ण विभागीय अभिलेख और फाइलें खुले में रखी होने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार जिले के चार आबकारी सर्किलों का संचालन सीमित अधिकारियों के भरोसे किया जा रहा है। इन पर अवैध शराब की रोकथाम, राजस्व संग्रहण, शराब दुकानों की निगरानी और विभागीय कार्रवाई जैसी जिम्मेदारियां हैं। लेकिन आरोप है कि फील्ड ड्यूटी के नाम पर अधिकारी अक्सर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग शिकायतें और आवेदन लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन कई बार उन्हें न अधिकारी मिलते हैं और न ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी। गर्मी के बीच लंबा सफर तय कर पहुंचे लोग घंटों इंतजार करने के बाद बिना समाधान लौट रहे हैं। इससे विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आबकारी विभाग से जुड़ी शिकायतों और जानकारी के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उनका आरोप है कि कार्यालय की जवाबदेही कमजोर हो चुकी है और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता नहीं मिल रही।

#### जांच और औचक निरीक्षण की मांग

*इधर स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और यदि लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि विभागीय व्यवस्था सुधरे और आम नागरिकों को राहत मिल सके।*



#### खुले में पड़ी फाइलें सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

मामले का सबसे गंभीर पहलू कार्यालय में रखे गोपनीय दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर सामने आया है। बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण फाइलें पर्याप्त निगरानी के बिना रखी हुई हैं। ऐसे में दस्तावेजों के गुम होने या क्षतिग्रस्त होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों का कहना है कि सीमित संसाधनों और कम स्टाफ के बावजूद न्यूनतम प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था विभाग की छवि को प्रभावित कर रही है। मामले में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया। इस दौरान बेरला की सब इंस्पेक्टर निवेदिता मिश्रा ने बताया कि वे सुशासन शिविर में व्यस्त होने के कारण कार्यालय में मौजूद नहीं थीं। वहीं अन्य संबंधित निरीक्षकों से संपर्क नहीं हो सका।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस पर हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को लेकर दिए गए कथित बयान पर भाजपा महिला मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने बयान जारी कर कांग्रेस पर राजनीतिक मर्यादा और सामाजिक संस्कारों से भटकने का आरोप लगाया।

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेताओं को देश की उपलब्धियां स्वीकार नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी राजनीतिक हताशा में कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेशी महिला प्रधानमंत्री को लेकर भी अनुचित टिप्पणियां की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि किसी महिला नेता और एक देश की प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग महिलाओं के सम्मान के प्रति कांग्रेस की सोच को दर्शाता है। भाजपा महिला मोर्चा ने सवाल उठाया कि क्या महिलाओं के सम्मान को राजनीतिक टिप्पणी का विषय बनाना कांग्रेस की आधिकारिक राजनीति बन गई है।

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मेलोडी' टॉफी के माध्यम से भारत की मित्रता और सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश दिया गया था, जिसे वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रूप में देखा गया, लेकिन कांग्रेस ने उसे भी राजनीतिक टिप्पणी का विषय बना दिया।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि दीपक बैज से सार्वजनिक माफी मंगवाई जाए तथा मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति बना सकती है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस की कथित महिला विरोधी सोच का जवाब देंगी।

## खेत की आग बनी आफतः जैतपुरी में देखते ही देखते घर तक पहुंचीं लपटें, टेंट हाउस का लाखों का सामान जलकर खाक

**नवागढ़।** संबलपुर के समीप स्थित ग्राम जैतपुरी में शुक्रवार दोपहर एक भीषण आगजनी की घटना ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। खेत में खरपतवार जलाने के दौरान उठी आग तेज हवा के कारण बेकाबू हो गई और कुछ ही मिनटों में फैलते हुए ग्रामीण देव यादव के घर तक पहुंच गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि घर में रखा टेंट हाउस का लाखों रुपए का सामान धू-धू कर जलने लगा।

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की है। गांव के छोटे बच्चों ने दौड़कर देव यादव को घर में आग लगने की सूचना दी। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, आग तेजी से फैल चुकी थी और उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। सरपंच ने तत्काल संबलपुर चौकी को सूचना दी और पानी का टैंकर लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी कराई गई। इसके बाद ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाल्टी, ड्रम, डब्बे और अन्य साधनों में पानी लेकर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से घंटों बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में घर में रखा टेंट हाउस का सामान, आर्टिफिशियल फ्लॉवर, पर्दे, सीलिंग सामग्री, कुर्सियां, आर्टिफिशियल गमले, केबल वायर, लाइट सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची और लोगों से घटना की जानकारी ली। हालांकि ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी भी रही कि समय पर दमकल वाहन नहीं पहुंच पाया, जिससे नुकसान बढ़ गया। घटना के बाद देव यादव के घर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग ने परिवार की मेहनत की कमाई को पलभर में राख कर दिया।



## भीषण गर्मी और आगजनी ने बढ़ाई मुश्किलें थान खम्हरिया में जनजीवन प्रभावित

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** नौतपा शुरू होने से पहले ही क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शनिवार को थान खम्हरिया तहसील मुख्यालय में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि तहसील के कई हिस्सों में पारा 44 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सुबह 10 बजे के बाद बाजार और सड़कें लगभग सूनी नजर आईं तथा लोग घरों में रहने को मजबूर रहे।

मौसम के बदलते तेवरों ने लोगों को जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का अहसास कराया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों तक गर्मी से राहत की संभावना कम है और जिले के लिए अलर्ट जारी किया गया है। भीषण लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से दोपहर के समय अनावश्यक बाहर नहीं निकलने, अधिक पानी, ओआरएस और नींबू पानी का सेवन करने, सिर ढंककर बाहर जाने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। नगर के प्रमुख चौक और बाजारों में दिनभर सामान्य दिनों जैसी चहल-पहल नहीं दिखी। यात्री बसों में भी यात्रियों की संख्या कम रही। शाम पांच बजे के बाद ही लोगों की आवाजाही और बाजारों में हलचल देखने को मिली। तेज गर्मी का असर केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दिया, जो छांव और पानी की तलाश में नजर आए। इधर, भीषण गर्मी के बीच ग्राम दर्री में शनिवार सुबह आगजनी की घटना ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे तेज हवाओं के बीच गांव में रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास रखे छेना-खरही और मकान को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल निजी पंप और बोर के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती रही। सूचना मिलने पर नगर पंचायत थान खम्हरिया की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना में ग्रामीण खेलू साहू के पैरावट, छेना-खरही, मकान और अन्य घरेलू सामग्री को नुकसान पहुंचा, वहीं पड़ोसी राजेंद्र साहू के मकान और छप्पर को भी क्षति पहुंची है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी और आग की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से खेतों और घरों के आसपास सूखी घास, पराली अथवा ज्वलनशील सामग्री में आग नहीं लगाने तथा विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।



#### डौकीडीह में तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का आयोजन 27 से

अण्डा। ग्राम डौकीडीह में तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 मई तक किया जा रहा है। नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उतई) एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान, गौठान पारा (पानी टंकी के पास) रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। तीनों दिनों में अलग-अलग धार्मिक एवं ऐतिहासिक नाटकों का मंचन किया जाएगा, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार पहले दिन 27 मई, बुधवार को "धनुष यज्ञ लीला" का मंचन होगा। दूसरे दिन 28 मई, गुरुवार को "शूर्पणखा लीला से बाली वध" प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं तीसरे दिन 29 मई, शुक्रवार को "वीर अभिमन्यु नाटक"का मंचन किया जाएगा। इसी दिन चढ़ौती कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु ग्रामवासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### सांसद और साजा विधायक को आमंत्रण नहीं

## भूमिपूजन में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्रमांक 1 में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन के लिए 22 मई को भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष, कांग्रेसी पार्षद, विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा पार्षद शामिल हुए और निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

हालांकि कार्यक्रम के बाद राजनीतिक विवाद सामने आ गया है। आरोप लगाया गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से दूर रखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं साजा विधायक को कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया, जिसे लेकर नगर पंचायत प्रशासन और सीएमओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय भाजपा नेताओं का दावा है कि नगर पंचायत में भाजपा के आठ पार्षद निर्वाचित हैं, जबकि कांग्रेस के छह और एक निर्दलीय पार्षद हैं। ऐसे में भाजपा समर्थकों ने इसे प्रोटोकॉल और जनप्रतिनिधियों के सम्मान से जुड़ा विषय बताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार उन्हें भूमिपूजन कार्यक्रम की जानकारी पूर्व सूचना के बजाय सोशल मीडिया स्टेटस के माध्यम से मिली, जिसके बाद संगठन के भीतर नाराजगी सामने आई। बताया गया कि इस विषय को लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश नेतृत्व एवं नगरीय प्रशासन विभाग के समक्ष शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में है। वहीं समाचार लिखे जाने तक भाजपा मंडल एवं जिला संगठन पदाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। अब देखना होगा कि नगर पंचायत प्रशासन इस मामले पर क्या स्पष्टीकरण देता है और क्या कार्यक्रम आयोजन में प्रोटोकॉल पालन को लेकर कोई कार्रवाई होती है।






## खबर संक्षेप



### बीएसपी में अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस इस्पात भवन स्थित आईबी कॉन्फ्रेंस हॉल में मनाया गया। महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। तेजी से परिवर्तित हो रहे कार्य परिवेश में मानव संसाधन की बदलती भूमिका पर चर्चा की गई। संवाद सत्र में कार्यस्थल की उभरती चुनौतियाँ, मानव संसाधन प्रक्रियाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का बढ़ता उपयोग, डिजिटल परिवर्तन के दौर मे जटिल एवं गतिशील कार्य वातावरण में प्रभावी मानव प्रबंधन पर चर्चा हुई। वरिष्ठ महाप्रबंधकों ने अपने कार्यकाल के दौरान प्राप्त चुनौतियों, उनसे मिली सीख तथा युवा मानव संसाधन अधिकारियों के लिए प संदेश प्रदान किए। श्री ठाकुर ने मानव संसाधन कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु नॉलेज मैनेजमेंट व स्टोरी टेलिंग की महत्ता पर बल दिया।

### प्रबंधक के खिलाफ गबन का मामला दर्ज

**भिलाई।** बारदाना कम पाए जाने के मामले में पुलिस ने प्रबंधक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग द्वारा सेवा सहकारी समिति कुम्हली खरीफ वितरण 2025- 26 में कुल 53,956.40 क्वि.धान खरीदी कर अप्रैल तक परिवहन किया। खाद्य एवं सेवा सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सेवा सहकरी समिति मर्यादित कुम्हली, उपार्जन केन्द्र कुम्हली में 23 अप्रैल को जांच, भौतिक सत्यापन किया। जिसमें कुल 690.70 क्वि.धान और 3057 बारदाना कम पाया गया। सेवा सहकारी समिति कुम्हली,उपार्जन केन्द्र कुम्हली के समिति प्रबंधक अतुल कुमार वर्मा के द्वारा कुल 23 लाख 54 हजार 815 रूपये गबन किया गया।

# जेआरडी स्कूल बनेगा रोल मॉडल, नीट और जेईई के लिए मिलेगी कोचिंग

**शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को स्कूल को बेहतर बनाने के लिए किया निर्देशित**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के सबसे पुराने एवं ऐतिहासिक जेआरडी मल्टीपरपस स्कूल के संरक्षण और शैक्षणिक उन्नयन को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिक्षा विभाग एवं आरईएस के अधिकारियों के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। देश की आजादी से पूर्व स्थापित इस विद्यालय से दुर्ग शहर की कई पीढ़ियों की भावनात्मक स्मृतियाँ जुड़ी हुई हैं।

वर्षों से यह विद्यालय न केवल शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, बल्कि शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की वर्तमान स्थिति, आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती तथा उसके मूल स्वरूप एवं ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के विषय में शिक्षक और इंजीनियरों से विस्तृत चर्चा की गई।

### जेआरडी स्कूल को बताया विरासत कहा- आधा शहर पढ़कर निकला

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जेआरडी स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि दुर्ग शहर की विरासत और पहचान है। इस विद्यालय से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थी आज देश-प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेल, साहित्य, पत्रकारिता, कला, पुलिस, सेना, राजनीति एवं प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने दुर्ग का नाम गौरवान्वित किया है। स्वयं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं, जिसके कारण इस संस्था से उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है।



**सुपर 30 क्लास की योजना :** जेआरडी स्कूल में सुपर-30 योजना प्रारंभ करने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसका उद्देश्य दुर्ग एवं आसपास के विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिल सकें।

### टैगोर हाल का होगा रिनोवेशन

विद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक टैगोर हॉल का भी निरीक्षण किया गया। यह हॉल वर्षों तक दुर्ग शहर की प्रमुख गतिविधियों का केंद्र रहा है। उस समय जब शहर में बड़े सभागारों का अभाव था, तब अनेक महत्वपूर्ण शासकीय प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक आयोजन इसी हॉल में आयोजित होते थे। शहर के नागरिकों एवं प्रशासनिक व्यवस्था से इस हॉल का गहरा संबंध रहा है। आरईएस विभाग के इंजीनियरों ने जानकारी दी कि टैगोर हॉल का रेनोवेशन करते हुए इसे सुसज्जित किया जाएगा तथा इसमें अटैच बाथरूम सहित आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

## खेतिहर जमीन की उर्वरा को संरक्षित करने की पहल

# डीएपी की खपत कम करने इस बार किसानों को सोसाइटियों से मिलेगा मिश्रित खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में डीएपी खाद की खपत इस बार कम करने के लिए किसानों को मिश्रित खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। सहकारी सोसाइटियों में किसानों को यूरिया की जगह विकल्प के रूप में डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक मिश्रित उर्वरकों का भी स्टॉक किया गया है।

मिश्रित उर्वरकों में शामिल किया गया है। खास बात यह है कि यह मात्रा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा है जो रकबे के हिसाब से तय की गई है। किसानों को इसकी जानकारी भी कृषि विभाग मैदानी स्तर पर दे रहा है। इस खाद के उपयोग से यूरिया की खपत कम होगी तथा फसल को संतुलित पोषक तत्व को भी बरकरार रखा जा सकता है। जमीन की उर्वरा शक्ति को भी संरक्षित किया जा सकेगा। इससे खेतों में उत्पादन भी बढ़ेगा।

**खाद के उपयोग से यूरिया की खपत होगी कम**



### जिले के 1.32 लाख किसानों को बांटेंगे 67880 एमटी खाद

दुर्ग जिले में 1.32 लाख किसान हैं। इन किसानों को खरीफ 2026 हेतु कुल 67880 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 12568 मीट्रिक टन यूरिया 2677 मीट्रिक टन डीएपी, 2000 मीट्रिक टन एनपीके, 4404 मीट्रिक टन एमओपी तथा 6411 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 29035 नीट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया गया है। खाद सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

### अब तक किसानों को बांटे खाद

जिले के 10 हजार 171 किसानों को 3700 मीट्रिक टन यूरिया, 1767 मीट्रिक टन डीएपी, 1264 मीट्रिक टन एनपीके, 1222 मीट्रिक टन एमओपी तथा 2217 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 10171 मीट्रिक टन खाद बांटे जा चुके हैं। वर्तमान में जिले में 8858 मीट्रिक टन यूरिया 910 मीट्रिक टन डीएपी, 1722 मीट्रिक टन एनपीके, 3182 मीट्रिक टन एनओपी तथा 4193 नीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 18865 मीट्रिक टन खाद शेष है।

### खाद के साथ दूसरे की टैगिंग प्रतिबंधित

कृषि विभाग ने इस बार निजी खाद दुकानों पर सख्त रवैया अपनाएगा। खाद के साथ दूसरे सामग्री को नहीं बेच सकते। विभाग ने यूरिया, डीएपी, एनपीकेएमओपी. ,एसएसपी के साथ किसी अन्य सामग्री की टैगिंग प्रतिबंधित कर दी है। इसके लिए विभाग ने जिला स्तर पर एक निगरानी समिति का भी गठन किया है। यह समिति खाद के अवैध भंडारण, जमाखोरी कालाबाजारी, अधिक दर आदि के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करेगी। सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर नियमानुसार उर्वरक का व्यवसाय करने हेतु निर्देश दिया गया है।

### दलहन-तिलहन में हरी खाद

विभाग ने अनुदानित खरीफ वर्ष 2020 में धान सहित दलहन एवं तिलहन फसलों में परंपरागत उर्वरकों के साथ वैकल्पिक उर्वरकों नैनो यूरिया एवं डीएपी के साथ-साथ हरी खाद व जैव उर्वरक जैसे नील हरित काई, एजोरिपरिलियम, पी.एस.बी. इत्यादि के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक तैयारी की गई है।

### पर्याप्त खाद उपलब्ध

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। किसानों को समझाइश दी जा रही हैकि वे खाद का का अत्यधिक क्रय एवं उनके प्रयोग से बचे। सोसायटी या निजी विक्रय केन्द्रों से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार फसल और रकबा के आधार पर उर्वरक का उठाव करें।

**-संदीप भोई,** उप संचालक कृषि

# उरला नाला में अवैध प्लॉटिंग महापौर ने फटकारा, तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमले के साथ वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 क्षेत्र अंतर्गत उरला-बघेरा नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के समय नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए शहर के प्रमुख नालों की व्यापक सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से प्रारंभ हुए सफाई अभियान के तहत शंकर नगर नाला से अंतिम छोर पटरी पार वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 तक युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराया जा रहा है। साथ ही संभावित जलभराव क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि बारिश के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, पार्षद सरस निर्मलकर आदि मौजूद थे।



### अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन सख्त

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त वार्ड क्रमांक 57 क्षेत्र में नाला किनारे अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर स्थल निरीक्षण के लिए भी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने अवैध अतिक्रमण एवं नाला क्षेत्र के आसपास हो रहे निर्माण कार्यों पर सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत शंकर नगर नाला के अंतिम छोर पटरी पार बघेरा-उरला मार्ग क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों को सफाई कार्यों में गति बनाए रखने तथा बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# निगम आयुक्त ने किया जोन चार खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का जायजा लेने जोन-04 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन, निर्माणाधीन भवन, सड़क चौड़ीकरण और सड़क बाधाओं की जमीनी स्थिति को देखा। आयुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 40, छावनी मंगल बाजार स्थित सामुदायिक शौचालय के मरम्मत कार्य एवं सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। वार्ड क्रमांक 41, तिरंगा चौक के समीप स्थित स्कूल में विधायक निधि से किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य तथा समग्र शिक्षा मद से निर्माणाधीन भवन का अवलोकन कर कार्य जल्द पूरा करने को कहा। शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी नगरोत्थान योजना के तहत बी.ई.सी. चौक से लेकर तिरंगा चौक तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

### सामग्री रखने वालों पर चालानी कार्रवाई

मुख्य मार्ग पर रेत रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ तत्काल चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, बसंत साहू, बालकृष्ण नायडू, हेमंत मांझी मौजूद थे।



### कांग्रेस सेवादल ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा कैलाश नगर कुरूद वार्ड 21 पार्षद नेहा साहू के कार्यालय के पास पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि आतंकवादी विरोधी दिवस और बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। लोगों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वे देश के संचार क्रांति के जनक, पंचायती राज के संस्थापक, युवाओं को मतदान का अधिकार 18 वर्ष में देना, जवाहर नवोदय विद्यालय के संस्थापक और आधुनिक भारत के निर्माता थे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव जेआर साहू, राजेश प्रसाद गुप्ता, बलदेव महेश, लखी नारायण सोनी, दिनेश गुप्ता, तुलसी निषाद सहित कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आईपीएल सट्टा पैनल के लिए म्यूल खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हैदराबाद में संचालित ऑनलाइन आईपीएल सट्टा पैनल में पुलिस ने म्यूल खाता उपलब्ध कराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी

- 2 मोबाइल जब्त, ट्रांजेक्शन व अन्य जानकारी भी मिली

पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा पैनल पर कार्रवाई कर पहले 13 सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा था। आररोपियों को रिमांड में लेने के बाद पूछताछ में म्यूल खाता उपलब्ध कराने वाले की जानकारी पुलिस को मिली। जांच में



पता चला कि सट्टा संचालन के लिए विभिन्न व्यक्तियों को पैसों का लालच देकर बैंक खाते, सिम कार्ड, चेकबुक, एटीएम कार्ड प्राप्त कर अवैध लेन-देन में उपयोग किया जाता था। तकनीकी जांच और मोबाइल कॉल डिटेल के विश्लेषण के आधार पर आरोपी कैम्प-2, चटाई क्वार्टर निवासी अमानउद्दीन उर्फ अमन की संलिप्ता पाई गई। जो म्यूल खाता दिलाया करता था। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपी के पास से 2 मोबाइल जब्त किया गया। पैसों के ट्रांजेक्शन, म्यूल अकाउंट की जानकारी मिली।

### सटोरिया कुणाल की संपत्ति की भी जांच

पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुणाल वर्मा के संपत्ति की भी जांच करने में जुटी हुई है। लंबे समय से सट्टा का बड़ा कारोबार करने वाला कुणाल के पास कई संपत्ति अवैध कारोबार से अर्जित किया है। इसका सट्टे के लिए खाता उपलब्ध कराने का बड़ा राकेट भी है। म्यूल खाता उपलब्ध कराने वाला कैम्प-2, चटाई क्वार्टर निवासी अमानउद्दीन उर्फ अमन कुणाल का करीबी रहा है। पुलिस इसकी सारी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। डीजे साउंड का संचालन करने वाला इंटू भी कुणाल का खासम खास है। सालों से ये सब मिलकर ऑनलाइन सट्टे का बड़ा कारोबार कर रहे थे।पुलिस के पकड़ने के बाद ही कुणाल की जानकारी सामने आई।

# बीएमएस की आक्रोश रैली में शामिल होंगे 1 लाख से अधिक श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा 1 अक्टूबर को रायपुर में आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसमें 1 लाख श्रमिक भाग लेंगे। दुर्ग जिला में इसके प्रचार के लिए रणनीति बनी।

बीएमएस की अंबिकापुर में हुई बैठक में तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में बीएमएस के कार्यसमिति सदस्य विभाग प्रयुख, जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री एवं विभिन्न यूनियन, महासंघ के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने जिले यूनियन एवं महासंघ में हुए कार्यों का वृत्त प्रस्तुत किया, प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे ने प्रदेश मे नए क्षेत्रीय संगठन मंत्री सी वी राजेश ने यूनियन गतिविधि बढ़ाने एवं यूनियन के कार्य क्षेत्र में विस्तार करने की आवश्यकता बताई। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि अब समय पत्र देने का नहीं खुलकर संघर्ष का है लगातार पत्र देने के बाद भी सरकार द्वारा यूनियन की मांग पर सकारात्मक पहल ना करने पर, सभी यूनियनों के विषय को लेकर एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता बताई।

रायपुर में आक्रोश रैली को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बताया, जिसमें सर्व सम्मति से एक अक्टूबर को राजधानी रायपुर में एक लाख श्रमिकों के साथ आंदोलन करना तय हुआ।राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जयसवाल ने कहा कि श्रमिक क्षेत्र में श्रमिकों से संपर्क, नुक्कड़ सभा, पम्पलेट वितरण और गेट मीटिंग कर तैयारी करना होगा।



### यह हैं मजदूरों की मांगें

दुर्ग जिले मेंबीएसपी के ठेका श्रमिकों की छटनी,सुविधाओं में असमानता, औद्योगिक क्षेत्र मे कर्मचारियों की छटनी,कम वेतन मिलना,उद्योगो मे वेतन समझौता, सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना,श्रमिकों को यूनियन बनाने से रोकना,अस्पताल कर्मचारियों से निर्धारित समय से अधिक कार्य करवाना और उनको उचित वेतन न देना। शासकीय विभागों एवं निगम मंडल में दस वर्ष से कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को नियमित करना, ट्रक ड्राइवरो की समस्याओ, इलेक्ट्रिक आटो के लिए चार्जिंग प्वाईंट बनाना, आँगन बाडी, आशा वर्कर, रसोइया कर्मियों को श्रमिक का दर्जा देना, निर्माणी यूनियन के पदाधिकारियों को नियोजन का अधिकार देना, गिग वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी देना, परिवहन कल्याण बोर्ड की स्थापना करना, सुरक्षा गार्ड से 12 घंटे ड्यूटी के बाद कम वेतन देना, होटल कर्मियों के लिए पीएफ ईएसआई एवं कार्य घंटे लागू करवाना आदि मांगें शामिल हैं।

**मंत्री यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# नई तकनीक से लैस है हाईटेक इमरजेंसी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में था आयोजन
- आईजी और एसएसपी समेत अफसर मौजूद थे

जिले की पुलिस के पास 35 नई इमरजेंसी रिस्पांस वाहन (ईआरवी) मिले। इसके साथ चार हाईवे पेट्रोलिंग वाहन भी मिला है। इन वाहनों के शुरू होने से जिले की पुलिस पहले से अधिक हाईटेक होगी, क्षमता और तेज होगी। सड़क हादसे, अपराध या किसी भी आपात स्थिति में लोगों तक जल्दी मदद के लिए पहुंचेगी। जिसका शुभारंभ सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में डायल-112 फेज 2 नेक्स्ट जेन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने नई डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि




मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। इसी सोच के तहत डायल-112 सेवा को नई तकनीक और आधुनिक संसाधनों से जोड़ा गया है। इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम, पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा, मोबाइल डेटा टर्मिनल जैसी सुविधाएं हैं। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी और घटनास्थल तक जल्दी पहुंचना अब आसान होगा। आईजी अभिषेक शांडिल्य ने कहा कि डायल-112 फेज-2 परियोजना पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में अहम पहल है। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया और बेहतर होगी।

### प्रमुख सड़कों पर तैनात होगा

नए वाहनों से लोगों को कम समय में मदद मिलेगी। हाईवे पर होने वाली हादसों में भी तुरंत कार्रवाई हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान नई डायल-112 वाहनों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में मिले सभी 35 ईआरवी और 4 हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों पर तैनात किया जाएगा। साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को जल्दी सहायता मिल सकेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी को किया याद



**भिलाई।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर द्वारा सुपेला स्थित नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बृजमोहन सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, मो. रफीक, विनोद यादव, राजेंद्र महिलांग, अली हुसैन सिद्दीकी, दुर्गेश ताम्रकार, दिनेश वासनिक सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने वआभार प्रदर्शन इस्माइल खान ने किया।

# बकायादारों से कर वसूली अभियान तेज, जोन-2 में 2.79 लाख रुपए जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु अभियान लगातार चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन के निर्देशानुसार विभिन्न जोन क्षेत्रों में बकायादारों से संपर्क कर बकाया राशि जमा कराई जा रही है। जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कर वसूली अभियान के दौरान 2 लाख 79 हजार रुपये की बकाया राशि जमा कराई गई। निगम की टीम द्वारा शेष बकायादारों को भी समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया करों की वसूली से निगम को विकास एवं जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों में गति मिलेगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर अपना कर जमा कर निगम प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर में साफ-सफाई, सड़क, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### जोन-2 क्षेत्र के वार्डो और नालों की सफाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में साफ सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में वर्षा ऋतु पूर्व विशेष सफाई अभियान के तहत नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में रामनगर स्थित मुक्तिधाम के पास नाला सफाई कार्य भी कराया जा रहा है। नालों में जमा कीचड़, कचरा एवं झाड़ियों को हटाया जा रहा है जिससे बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जोन क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से वार्डों में सफाई कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की है।

### भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



**भिलाई।** कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहे जाने के विरोध में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा घड़ी चौक सुपेला और पटेल चौक दुर्ग में पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, राजीव पांडेय, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनिकेत यादव, आरूणी दानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी लगातार देश की संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और मर्यादाओं का विरोध कर रही है। देश की जनता द्वारा पूर्ण बहुमत से चुने गए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ इस तरह की घटिया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर राहुल गांधी ने न केवल पद की गरिमा को ठेस पहुँचाई है, बल्कि देश के लोकतंत्र और जनमत का भी घोर अपमान किया है। लगातार मिल रही राजनीतिक शिकस्त से बौखलाए राहुल गांधी अपनी खीझ मिटाने के लिए अभद्र भाषा का सहारा ले रहे हैं। पुतला दहन के दौरान राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, अविनाश राजपूत, जितेंद्र सिंह राजपूत, उमेश गिरी, महेंद्र चोपड़ा आदि मौजूद थे।

### निगम आयुक्त ने शहीद उद्यान और पौधारोपण स्थल का किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 अंतर्गत शहीद उद्यान सहित वृक्षारोपण स्थल का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों को उद्यान में आवश्यक सुधार कराने निर्देशित किए। निगम आयुक्त पांडेय ने शहीद उद्यान का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था में सुधार लाने कहा गया है, जिससे आने वाले नागरिकों एवं बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही आवश्यक संधारण भी समय पर कराने निर्देशित किये हैं। शहीद उद्यान के अन्य व्यवस्थाओं को बारीकी से निरीक्षण किया गया यथाशीघ्र व्यवस्था सुधार हेतु निर्देशित किए हैं। जोन कार्यालय समीपस्थ रिक्त स्थल का अवलोकन किये और आगामी बरसात में हरियाली को दृष्टिगत करते हुए सघन वृक्षारोपण कराने कहा गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण में सुधार लाया जा सके।

# नवागढ़ में भीषण गर्मी का असर, दोपहर में सूनी पड़ रहीं सड़कें और बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ में दिन में सड़कें तप रही हैं, रात में गर्म हवाएं चैन छीन रही हैं। हालात ऐसे हैं कि सुबह बाजार सामान्य नजर आते हैं, लेकिन जैसे-जैसे घड़ी 10 बजे के करीब पहुंचती है, बाजार की रफ्तार भी धीमी होने लगती है। दोपहर तक सड़कें खाली और दुकानें ग्राहकों का इंतजार करती दिखाई देती हैं। लोग अब खरीदारी, बैंक, कामकाज और अन्य जरूरी गतिविधियां सुबह जल्दी या शाम के समय ही करना बेहतर समझ रहे हैं।

इस बार गर्मी की सबसे बड़ी चर्चा सिर्फ तापमान नहीं, बल्कि रात में भी राहत नहीं मिलना है। पहले लोग शाम ढलने का इंतजार करते थे।

## पानी की कमी का खतरा, निकलने से बचे

### बाजार में असर

व्यापारी मिंटू बिसेन बताते हैं कि गर्मी का असर अब सीधे बाजार पर दिख रहा है। पहले ग्राहक दोपहर तक आते रहते थे, लेकिन अब लोग धूप देखकर घर से निकलने का फैसला करते हैं। सुबह बाजार में रौनक रहती है और दोपहर तक माहौल शांत हो जाता है। सराफा व्यापारी बबलू ताम्रकार कहते हैं कि इस मौसम में लोग "घूमने" नहीं बल्कि "जरूरी काम" से बाजार पहुंच रहे हैं। कई बार ग्राहक सामान से पहले पूछते हैं—"जल्दी दे दीजिए, बाहर बहुत गर्मी है।"



### किसान घर पर रहने को मजबूर

खेती-किसानी भी इससे अछूती नहीं है। किसान रोशन धर दीवान बताते हैं कि अब खेत का समय सूरज तय कर रहा है। सुबह जल्दी काम शुरू करना पड़ता है और दोपहर होते ही काम रोकना पड़ता है। किसान चंद्रपाल साहू का कहना है कि पहले दिन में गर्मी रहती थी और रात में कुछ राहत मिल जाती थी, लेकिन अब रात तक गर्म हवाएं चल रही हैं। खेतों में काम करने वालों को ज्यादा पानी और आराम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों, किसानों और श्रमिक वर्ग का विशेष ध्यान रखने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, सिर ढककर बाहर निकलने और अधिक पानी वाले फल खाने की सलाह दी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के बीएमओ डॉ. एम.एम. रज़ा ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि इस समय हिट वेव और शरीर में पानी की कमी का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि लोग पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बाहर निकलते समय पानी साथ रखें, ओआरएस, छाछ, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें और दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

डॉ. रज़ा ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को चक्कर आना, अत्यधिक पसीना, सिरदर्द, कमजोरी, बेचैनी या शरीर अत्यधिक गर्म महसूस हो तो इसे सामान्य थकान न मानें, यह लू के शुरुआती संकेत हो सकते हैं।

## एनीकट का पानी काला, ग्रामीणों के चेहरे पर चिंता

# खारुन नदी पर मंडराया प्रदूषण का संकट काला पड़ रहा पानी बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

कभी खेतों की हरियाली, गांवों की प्यास और जनजीवन की धड़कन मानी जाने वाली खारुन नदी आज अपने सबसे कठिन दौर से गुजरती दिखाई दे रही है। बेमेतरा और रायपुर जिले की सीमा तय करने वाली यह जीवनदायिनी नदी इन दिनों औद्योगिक प्रदूषण की चपेट में आकर लोगों के बीच चिंता और आक्रोश का कारण बन गई है। नदी के पानी का रंग कई जगहों पर काला पड़ चुका है, दुर्गंध उठ रही है और पानी की सतह पर दिखाई देने वाला रासायनिक झाग लोगों के मन में डर पैदा कर रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि रायपुर सीमा से लगे औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित कुछ उद्योग पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रखकर केमिकल युक्त अपशिष्ट सीधे खारुन नदी में छोड़ रहे हैं। इसका असर सबसे ज्यादा बेरला ब्लॉक के उन सरहदी इलाकों में दिखाई दे रहा है, जहां बने एनीकट अब पानी संग्रहण केंद्र कम और प्रदूषण के ठहराव स्थल ज्यादा नजर आने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले कुछ समय से एनीकटों में जमा पानी का रंग तेजी से बदल रहा है। पहले जहां पानी का उपयोग निस्तारी, पशुओं और कई घरेलू जरूरतों में किया जाता था, वहीं अब लोग उससे दूरी बनाने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी से तेज बदबू आती है और कई जगह पानी की सतह पर रासायनिक झाग साफ दिखाई देते हैं। भीषण गर्मी और कम जलस्तर ने हालात को और गंभीर बना दिया है। नदी में पानी का प्रवाह कम होने के कारण प्रदूषित तत्व लंबे समय तक एक जगह जमा रह रहे हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है।



### त्वचा रोग और जलजनित बीमारियों की आशंका बढ़ी

ग्रामीणों का दावा है कि दूषित पानी के संपर्क में आने के बाद कई लोगों में खुजली, दाद, त्वचा में जलन और अन्य स्किन इन्फेक्शन जैसी समस्याएं सामने आने लगी हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन लोगों में डर इतना बढ़ गया है कि कई परिवार अब नदी के पानी का उपयोग करने से बच रहे हैं। गांवों में यह आशंका भी गहराने लगी है कि यदि समय रहते स्थिति नहीं संभाली गई तो जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

### सिर्फ इंसान नहीं, नदी का पूरा जीवन तंत्र संकट में

प्रदूषण का असर केवल लोगों तक सीमित नहीं माना जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी में पहले की तुलना में जलीय जीव कम दिखाई देने लगे हैं। पर्यावरण जानकारों के अनुसार यदि लंबे समय तक रासायनिक अपशिष्ट नदी में पहुंचता रहा तो जैव विविधता, जल गुणवत्ता और प्राकृतिक संतुलन पर गंभीर असर पड़ सकता है। किसानों की चिंता भी कम नहीं है। उनका कहना है कि यदि यही पानी खेतों तक पहुंचा तो मिट्टी की उर्वरता और फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

### शिकायतें हुईं, लेकिन कार्रवाई कब?

सबसे बड़ा सवाल जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली को लेकर उठ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की गंभीरता के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से अब तक न तो व्यापक जांच की गई और न ही प्रदूषण के स्रोतों पर प्रभावी नियंत्रण दिखाई दिया। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी निरीक्षण और कार्रवाई की गति अपेक्षा के अनुरूप नजर नहीं आई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### क्षेत्रवासियों की मांग- जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई और सुरक्षित पानी मिले

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी और एनीकट के पानी की तत्काल गुणवत्ता जांच कराई जाए, प्रदूषण के स्रोतों की पहचान की जाए, दोषी उद्योगों पर नियमानुसार कार्रवाई हो और प्रभावित गांवों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। खारुन के किनारे बसे लोगों की चिंता अब केवल एक नदी की नहीं, बल्कि अपने स्वास्थ्य, खेती और आने वाली पीढ़ियों की है। गांवों में इन दिनों एक ही सवाल सुनाई दे रहा है। अगर जीवन देने वाली नदी ही ज़हर बन जाए, तो फिर सहारा किसका होगा?

# कार्यशाला में ठोस कचरे का निपटारा करने नागरिकों की सहभागिता पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

नगर पंचायत उतई में ठोस कचरे के निपटारे के लिए अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अपराह्न 3:00 बजे नगर पंचायत उतई कार्यालय के सभाकक्ष में हुई, जिसमें निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई।

कार्यशाला का आयोजन शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में किया गया, जिसमें नगर निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों — अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों — को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, अपशिष्ट निस्तारण एवं नागरिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। लोगों को घर-घर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर को स्वच्छ रखने के लिए सभी नागरिकों को आगे आकर सहयोग करना होगा। वहीं उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख एवं उपस्थित पार्षदों ने भी नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव साझा किए।

कार्यक्रम में पार्षदगण रमशीला नेताम, शोभेन्द्र सोनू राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकर, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, विजयलक्ष्मी साहू, द्वारिका साहू, खूबी राम साहू, अनीता गढ़े, संगीत रजक एवं सुनीता चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार बेलौदी में हुई गोद भराई, सेनेटरी नैपकिन भी बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्रामीणजन की प्रशासकीय विभाग संबंधित समस्या को दूर करने एवं विभिन्न प्रकार के मांग हेतु सुशासन तिहार का आयोजन ग्राम पंचायत बेलौदी में किया गया। शिविर में

■ सुशासन तिहार का आयोजन बेलौदी में किया गया

विधायक ललित चंद्राकर ,एसडीएम हरिवंश मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, सुश्री प्रिया साहू जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन सरपंच बेलौदी जामवंतीं देशमुख ,पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिविर में 6 गर्भवती माताओं संतोषी यादव, मीनाक्षी यादव, नोमेश्वरी पारकर, राधिका निषाद, ममता देशमुख हर्षा सेन की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया एवं उनसे उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। 10 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना नोनी सुरक्षा सुकन्या समृद्धि महतारी वंदन मुख्यमंत्री कन्या विवाह महिला कोष सक्षम बाल संदर्भ योजना की जानकारी परियोजना अधिकारी उषा झा व सेक्टर पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, शशि रैदास द्वारा दी गई तथा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कुपोषण मुक्ति अभियान बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जानकारी उपस्थित ग्राम वासियों के साथ साझा की गई। शिविर में महतारी वंदन की महिलाओं का ई केवाईसी किया गया जिसमें 21 महिलाएं लाभान्वित हुई सुशासन तिहार शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख, चमेली पारकर,एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### ट्विनसिटी में अघोषित बिजली कटौती से चरमराई व्यवस्था

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ खुद एक बिजली उत्पादक राज्य है, लेकिन आज दुर्ग और भिलाई की जनता बिजली के लिए तरस रही है। अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बिजली विभाग के सिस्टम के खिलाफ आज आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने सीएसपीडीसीएल के कार्यपालक निदेशक को इसकी शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा है। जसप्रीत सिंह, मेहरबान सिंह और ज्योति ने संयुक्त बयान में कहा कि पूरा दुर्ग और भिलाई इस वक्त बिजली विभाग की लापरवाही और फैले भ्रष्टाचार की आग में झुलस रहा है। आप नेताओं ने बताया कि दुर्ग के कई जोन में महीनों इंतजार के बाद जब ट्रांसफार्मर मंजूर होता है, तो वहां के जिम्मेदार अधिकारी स्थानीय निवासियों से कहते हैं कि क्रेन का इंतजाम खुद करो तो ट्रांसफार्मर बदलेगा। गरीब और मध्यमवर्गीय जनता आपस में चंदा इकट्ठा कर क्रेन बुला रही है, जो कि बेहद शर्मनाक है।

# बाजारपारा में सजी छत्तीसगढ़ी काव्य संध्या, कवियों ने बिखेरा साहित्य का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बेमेतरा के तत्वावधान में मासिक छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी का आयोजन बाजारपारा वार्ड क्रमांक 18 स्थित कैइहा तरिया पार, कालिका मंदिर के समीप शुक्रवार शाम आयोजित किया गया। साहित्य, संस्कृति और छत्तीसगढ़ी भाषा की मिठास से सराबोर इस आयोजन में जिलेभर के कवियों और साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

■ भुवन दास जांगड़े का हुआ सम्मान, हास्य-व्यंग्य और लोकभावना से सराबोर रही गोष्ठी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि एवं समाजसेवी भुवन दास जांगड़े रहे, जिन्हें पूर्व में गुरु घासीदास चेतना अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ हास्य-व्यंग्य कवि एवं जिला समन्वयक, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रामानंद त्रिपाठी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ।




काव्य गोष्ठी की शुरुआत कवि मनोज कुमार पाटिल द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना के सस्वर गायन से हुई। इसके बाद कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, नशामुक्ति और समसामयिक विषयों को स्वर दिया।

कवयित्री कांति बंजारे ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा पर आधारित गीत प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। युवा कवि संतोष साहू ने नशामुक्ति पर केंद्रित रचना सुनाई। वहीं आत्माराम पटेल ने छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति पर आधारित कविता से श्रोताओं का मन मोह लिया। गोकुल बंजारे 'चंदन' ने युवाओं को राष्ट्रसेवा और संस्कारों का संदेश दिया।

हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी ने अपनी चुटीली प्रस्तुतियों से वातावरण को खुशनुमा बना दिया। कवयित्री उमा जाटव ने माता-पिता के प्रेम पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। वरिष्ठ कवि भुवन दास जांगड़े ने कविता के माध्यम से देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। वहीं मनोज मिर्झा, रेणुका कारुणिक और तरुण यादव ने समसामयिक, महंगाई और व्यंग्य आधारित रचनाओं से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 में गुरु घासीदास चेतना अवार्ड से सम्मानित होने पर भुवन दास जांगड़े का समिति एवं उपस्थित कवियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं बुके भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बेमेतरा के अध्यक्ष डॉ. गोकुल बंजारे 'चंदन' ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अंडा-अछोटी मार्ग पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

**अंडा।** सार्वजनिक मार्ग पर धारदार हथियार लहराकर राहगीरों में दहशत फैलाने वाले एक आदतन बदमाश को अंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अंडा से ग्राम अछोटी जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर एक युवक हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जागेश्वर साहू उर्फ जग्गू (29 वर्ष) निवासी अंडा थाना अंडा जिला दुर्ग बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार हथियार जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना अंडा का आदतन गुंडा बदमाश है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 58/2026 के तहत धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की। घटना ग्राम अंडा से ग्राम अछोटी जाने वाले सार्वजनिक मार्ग की बताई जा रही है, जहां आरोपी लोगों में भय और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा था।

## जनकल्याणकारी योजनाओं पर कौही में हुआ व्यापक संवाद



**पाटन।** छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम कौही में आयोजित विशाल जनसभा में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण विकास एवं जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव और जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक के साथ ही कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लवकेश ध्रुव ,खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनसहभागिता और उत्साह ने सुशासन तिहार को जनहित एवं जनसंवाद का प्रभावी मंच बना दिया। कार्यक्रम में जामगांव मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महामंत्री निर्मल जैन, धनराज साहू, रूप सिंह, नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की वाले, सभापति देवेंद्र ठाकुर, सभापति केवल चंद देवांगन, पार्षद श्रीमती संगीता धुरंधर, ग्राम असोगा सरपंच लीना साहू, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लगभग 20 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिवगण एवं हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मोहित शर्मा ने किया।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.)
9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY